राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट, रूपनगढ़ (अजमेर)

दायर दिनांक 21.06.2022

राजस्व वाद संख्या 20/22

पीठासीन अधिकारी—श्री भंवरलाल जनागल, आर.ए.एस.

1. रामकंवर पत्नि रूपालाल
2. रूपालाल पुत्र रामदेव
3. आशा देवी पुत्री मदनलाल
4. मुन्नी देवी पत्नि मदनलाल

सर्वजाति रेगर, सर्वनिवासी ग्राम भदूण, तहसील रूपनगढ़ .....प्रार्थीगण

बनाम

1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार रूपनगढ़ जिला अजमेर .....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 रा0भू—राज0 अधि0 1956

निर्णय **दिनांक 17.10.2022**

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी संख्या 1 की स्वामित्व, आधिपत्य, एकल कब्जे काश्त एवं खातेदारी की कृषि भूमि वाकै राजस्व ग्राम भदूण पटवार हल्का भदूण भू—अ0नि0 क्षेत्र भदूण तहसील रूपनगढ़ में स्थित हैं जिसके वर्तमान राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी अनुसार खाता संख्या 291 ख0न0 54 रकबा 1.8283 है0 एकल खातेदारी में स्थित है। प्रार्थी संख्या 2 लगायत 4 की भूमि ग्राम भदुण के खाता संख्या 239 ख0न0 45 रकबा 1.9739 संयुक्त कब्जे काश्त खातेदारी की भूमि स्थित है। तथा मौके पर प्रार्थीगण का कब्जा काश्त चला आ रहा है। प्रार्थीगण की खातेदारी की कृषि भूमि से लगती हुई पडौसी खातेदारान की भूमि स्थित है, जिसमे नींव, सींव को लेकर विवाद होते रहते है। प्रार्थीगण द्वारा सीमाज्ञान आदेश पटवारी के नाम से करवाये गये जिस पर सीमाज्ञान हल्का पटवारी द्वारा किया गया। सीमाज्ञान किये अुनसार उक्त खसरा नम्बर की भूमि की पत्थरगढ़ी किया जाना आवश्यक है। प्रार्थीगण निर्बाध रूप से अपनी एकल व संयुक्त कृषि आराजी पर काबिज काश्त करते चले आ रहे हैं। प्रार्थीगण की उक्त आराजी में श्रवणाधिकार क्षेत्र माननीय न्यायालय को प्राप्त है, इसलिए प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ हैं।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी की तलबी जरिये नोटिस की गई। अप्रार्थी का नोटिस तामिलशुदा प्राप्त। प्रकरण में अप्रार्थी (तहसीलदार रूपनगढ) की ओर से जवाब पेश किया गया। प्राप्त जवाब अनुसार ग्राम भदूण की अंतिम चौसाला आधार संवत् 2072—75 जमाबन्दी (वर्ष 2019) से स्थायी के खाता संख्या 291 में ख0न0 54 रकबा 1.8283 है0 प्रार्थी संख्या 1 रामकंवर पत्नि रूपालाल हि0 पूर्ण जाति रेगर सा0 देह खातेदार के नाम राहिन बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा भदूण रिकार्ड में दर्ज है एवं खाता संख्या 239 में ख0न0 45 रकबा 1.9739 है0 आशा देवी पुत्री मदनलाल (प्रार्थी सं 3) जाति रेगर सा0 देह खातेदार, मुन्नी देवी पत्नि मदनलाल (प्रार्थी सं 4) हि0 1/4 जाति रेगर सा0 देह खातेदार, रूपालाल पुत्र रामदेव (प्रार्थी सं 2) हि0 1/2 जाति रेगर सा0 देह खातेदार राहिन बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा भदूण के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। प्रकरण में किसी तरह का कोई राजहित प्रभावित नहीं होता है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गयी।

हमने पत्रावली का अध्ययन, अवलोकन किया एवं बहस पर मनन किया। तदनुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम भदूण के खाता संख्या 291 ख0न0 54 रकबा 1.8283 है0, खाता संख्या 239 ख0न0 45 रकबा 1.9739 भूमि के पडौसी खातेदा[illegible]चित करते हुये उनकी उपस्थिति में पत्थरगढ़ी करने के आदेश दिये जाते है। इस हेतु [illegible]सील[illegible] रूपनगढ़ को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर शुल्क की राशि रूपये 1000/— अ[illegible]क हजार रूपये मात्र नियत की जाती है। जिसका मौके पर भुगतान हो। पत्थरगढ़ी शुल्क [illegible] रूपये 100/— अ[illegible] सौ रूपये मात्र जरिये चालान जमा होने पर आदेश जारी हो।

निर्णय लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया एवं शामिल पत्रावली किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
रूपनगढ (अजमेर)

उपखण्ड अधिकारी रूपनगढ़ (अजमेर)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रूपनगढ़ (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal Janagal
Date: 2023.02.14 12:25:04 IST
Reason: SelfAttested